**खबर संक्षेप**

### शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया के विद्यार्थियों ने किया व्यावसायिक भ्रमण



**भुआबिछिया।** विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछिया के विद्यार्थियों को प्राचार्य श्रीमती अरुणा दीक्षित के मार्गदर्शन में विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक जे पी कछवाहा की उपस्थिति में शाला के 9 नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों के दल को रवाना किया गया।शैक्षणिक भ्रमण के दौरान सभी छात्रों को आईटीआई कॉलेज बिछिया में संचालित विभिन्न ट्रेडों के बारे में प्रशिक्षण अधिकारियों के द्वारा वर्कशॉप में मौजूद सभी मशीनों के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। किस प्रकार मशीनों का संचालन करते हैं, इससे क्या-क्या लाभ है, इसके बार में विस्तृत रूप से जानकारी दी। वहीं हेल्थकेयर ट्रेड के विद्यार्थियों को स्नेहालय हॉस्पिटल बिछिया में प्राथमिक उपचार के संबंध में व्यावहारिक ज्ञान दिया गया कुछ छात्रों ने अपने हाथों से मशीन का संचालन किया कॉलेज में बने विभिन्न प्रोजेक्ट्स का भी प्रदर्शन छात्र-छात्राओं को किया गया। मौके पर उपस्थित आईटीआई के प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। भ्रमण में विद्यालय के व्यवसायिक शिक्षक विकास जंघेला , सोनम राय, राहुल पटेल, श्रीमती मोहिनी शामिल थे।

## देखी निर्माण कार्यो की हकीकत, खरीदी केन्द्रों की देखी सच्चाई

# कलेक्टर ने किया घुघरी क्षेत्र का निरीक्षण





*** सब्जी बाड़ी का भी लिया जायजा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को धान खरीदी केन्द्र घुघरी का निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में किसान मानिकलाल ग्राम सैलवारा और किसान मुन्नालाल ग्राम बनहरी से चर्चा की। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्र में नमी मापक यंत्र से धान की नमी की जांच कराई। उन्होंने कहा कि किसानों के उपज को निर्धारित मात्रा में खरीदा जाए। धान उपार्जन केन्द्र से धान का उठाव नियमित रूप से किया जाए। धान खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। धान खरीदी केन्द्र में कांटा, बारदाना, छन्ना, पेयजल, शौचालय इत्यादि का प्रबंध किया गया है। धान खरीदी केन्द्र घुघरी के निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकिप खान, तहसीलदार श्री चंद्रकुमार वट्टे सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### आईटीआई भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने जनपद पंचायत मोहगांव में 11 करोड़ 61 लाख की लागत से निर्माण किए जा रहे 60 सीट वाले लड़के और लड़कियों के छात्रावास के साथ 6 ट्रेड आईटीआई भवन, दो एफ टाइप का क्वार्टर और चार आई टाइप आवासीय क्वार्टरों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने उक्त निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्माण कार्यों में व्यय राशि और मजदूरी का भुगतान 15-15 दिवस में करने के निर्देश दिए। जिससे कार्यों के आधार पर ठेकेदार द्वारा देयक प्रस्तुत किया जा सके और उसका भुगतान हो सके। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने आईटीआई के निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्वक समय सीमा में पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने कहा कि आईटीआई के निर्माण कार्यों का कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री और उपयंत्री नियमित रूप से निरीक्षण करें।

### रामनगर में सड़क निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को रामनगर में एमपीआरडीसी के द्वारा निर्माण किए गए सड़क मार्ग का निरीक्षण किया। एमपीआरडीसी के द्वारा पदमी, रामनगर, घुघरी, सलवाह को जोड़ते हुए सड़क मार्ग का निर्माण किया गया है। सड़क मार्ग में आने वाले पुल-पुलियों और घाट कटिंग का भी निर्माण किया गया है। इससे पदमी से सलवाह तक जाने वाले नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध हुई है। उक्त सड़क मार्ग अमरपुर होते हुए डिंडौरी जिले को जोड़ती है। सड़क मार्ग के निरीक्षण के दौरान एसडीएम घुघरी आकिप खान सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने उक्त सड़क निर्माण कार्य के लम्बित कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों का नियमित रूप से निरीक्षण भी किया जाए। जिससे सड़क निर्माण गुणवत्तापूर्वक पूर्ण हो सके।





## कलेक्टर सोमेश मिश्रा हुये पंच चौकी महाआरती में शामिल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा मंगलवार को माँ नर्मदा नदी के माहिष्मती घाट में संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती में शामिल हुए। पंचचौकी महाआरती का आयोजन अमृता चौक, रेवा चौक, नर्मदा चौक, शांकरी चौक और मेकलसुता चौक में संपन्न हुआ। कलेक्टर सोमेश मिश्रा सहित अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी, श्रद्धालु, पत्रकार और नागरिकगण माहिष्मती घाट में आयोजित पंचचौकी महाआरती में हजारों की संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर नर्मदा अष्टक गान 'पदीय पाद पंकजम नमामि देवी नर्मदे' नर्मदा जी की पंचचौकी महाआरती उतारी गई, इसके बाद 'ॐ जय जगदा नंदी' आरती गाया गया। जय-जय नर्मदे, हर-हर गंगे, जय राधेकृष्णा, जय श्री राम और जय-जयकार किया गया। आरती समापन के बाद कार्यक्रम स्थल में सभी को प्रसादी का वितरण किया गया। आयोजित पंचचौकी महाआरती में अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, डिप्टी कलेक्टर आशुतोष ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री गजानंद नाफड़े, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकारगण, श्रद्धालु और जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### तेल दुकान संचालित कर अनिता बनी आत्मनिर्भर

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को ग्राम डोंगर मंडला विकासखंड घुघरी में एनआरएलएम के प्रभा स्वसहायता समूह द्वारा संचालित लघु उद्योग केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम घुघरी आकिप खान सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। प्रभा स्वसहायता समूह की श्रीमती अनिता नरते के द्वारा तेल निकालने का लघु उद्योग प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि तेल लघु उद्योग प्रारंभ करने के लिए तीन लाख रूपए का ऋण लिया था जिसकी आदायगी की जा चुकी है। तेल पिराई मशीन से वह सरसों, तिल, राई, गुल्ली, मूंगफल्ली इत्यादि का तेल निकाला जाता है। श्रीमती अनीता नरते ने बताया कि एनआरएलएम के द्वारा उन्होंने गांव में एक किराना दुकान संचालित कर रही है। जिससे वह किराना सामान सहित तेल भी बेचती है। जिससे उसे प्रतिमाह 10 से 12 हजार रूपए की आमदनी हो जाती है। उन्होंने बताया कि तेल पिराई के दौरान प्राप्त खली से भी उसे आमदनी हो जाती है। श्रीमती अनीता बाई नरते गांव में ही तेल का लघु उद्योग और किराना दुकान संचालित कर आत्मनिर्भर हो चुकी है और वह अपने इस व्यवसाय से बहुत प्रसन्न है।

### मंदिर मार्ग बंद करने से श्रद्धालुओं में रोष



**मण्डला।** नगर की प्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक शक्ति पीठ शीतला माता मंदिर पहुंच मार्ग को पिछले कुछ समय से बंद कर दिया गया है। ज्ञात हो कि नगरपालिका भवन के बगल से एक सड़क मंदिर तक बनाई गई है जिसके माध्यम से श्रद्धालु दर्शन हेतु मंदिर जाते थे लेकिन कुछ समय पूर्व जेल प्रशासन द्वारा इस सड़क को बंद कर दिया गया एक छोटा सा रास्ता खोला गया था जिस पर भी अब एक सीमेंट पोल लगा दिया गया है। जेल प्रशासन की इस कार्यवाही से श्रद्धालुजनों में रोष है उन्होंने जिला प्रशासन से कार्यवाही की मांग करते हुये शीघ्र ही रास्ता उपलब्ध कराने की अपील की है यह रास्ता या तो पुराना ही रास्ता हो या फिर ऑडिटोरियम एवं निषादराज भवन के बीच से सीधा रास्ता मंदिर तक के लिये खोला जाये इसकी मांग की है। श्रद्धालु ने कहा कि रास्ता मिलता है तो उसका निर्माण हम सब मिलकर ही करा लेंगे जिससे दर्शन में कोई असुविधा न हो।

## विकासखंड शिक्षा कार्यालय में चार दीवारी ना होने के कारण अवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/नारायणगंज



नारायणगंज विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रात होती ही शराबियों का अड्डा बन जाता है जिसके कारण यहां पर कीमती सामान एवं मुख्य दस्तावेज होने के कारण हमेशा चोरी होने की आशंका बनी रहती है जिसके कारण लोग यहां आकर अवस्थाएं फैला रहे हैं इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश विश्वकर्मा द्वारा लिखित बाउंड्री बाल के लिए मांग सहाय आयुक्त मंडला से की है कि शीघ्र ही सुरक्षा की दृष्टि से विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बाउंड्री बाल निर्माण करने की शीघ्र दया करें ताकि अप्रिय घटना न घाट सके एवं यहां पर पालतू जानवरों का शिक्षक कार्यालय के सामने बना रहता है जिससे कर्मचारियों का आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है, विगत दिनों में बालक हाई स्कूल में कंप्यूटर चकरी की घटना घटी थी जिसके कारण यहां पर कार्यालय में कंप्यूटर एवं आदि कई समान रहते हैं जिससे हमेशा डर बना रहता है शीघ्र ही उच्च अधिकारी से निवेदन है कि इस और ध्यान दिया जाए ताकि समय कार्य हो सके।

## बम्हनी कॉलेज में स्कूल के प्राचार्यों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बम्हनीबंजर

शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनीबंजर में कॉलेज चलो अभियान के अंतगर्त महाविद्यालय को आवंटित किये गये उच्च.मा. विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक प्राचार्य कक्ष में डॉ.श्रीमती करुणा नेमा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी प्राचार्यों की उपस्थिति रही। बैठक में कालेज चलो अभियान के मुख्य एजेण्डा बिंदु पर विस्तृत चर्चा की गयी। जिसमें विद्यार्थियों को कॉलेज भ्रमण करवाना एवं प्राचार्यों के दायित्यों के बारे में बताया गया। महाविद्यालयीन टीम के आगमन आवष्यक सहयोग प्रदान करना अपने विद्यालयों से उत्तीर्ण विद्यार्थियो का शत-प्रतिशत प्रवेश उच्च शिक्षा संस्थानों में सुनिश्चित कराना है। प्रवेश ले चुके विद्यार्थियों की जानकारी संधारित करना, जिन विद्यार्थियों ने प्रवेश नहीं लिया है की जानकारी संधारित करना, तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर विशेष विस्तृत चर्चा की गयी। बैठक में विद्यालयों के सभी प्राचार्यो का पूर्ण सहयोग रहा। इस बैठक में शासकीय उ.माध्य. विद्यालय लिमरुआ, शासकीय हवेली उ.माध्य. विद्यालय बम्हनी बंजर, शासकीय कन्या उ.माध्या. विद्यालय बम्हनी बंजर, सी.एम. राईज विद्यालय चिरईडोगरी, शासकीय उ.माध्या. विद्यालय इन्द्री, शासकीय उ.माध्या.विद्यालय टाटरी, शासकीय उ.माध्या. विद्यालय जहरमऊ, शासकीय उ.माध्या. विद्यालय लफरा, शासकीय सर्वोदय उ.माध्य. विद्यालय ककैया, शासकीय उ.माध्या. विद्यालय मोचा कान्हा के प्राचार्यगण एवं महाविद्यालय के प्रो. एस.पी. झारिया, डॉ.श्‌ रीमती कुन्ती वराठे, डॉ.रिंयका पटैल, डॉ. रंजीत कुमार भालेकर, मनीष कुमार लाजेवार उपस्थित रहे।

**गतिविधि** | ग्राम संगठन की महिलाओं के कार्यों की कलेक्टर ने की प्रशंसा।

# अब आत्मनिर्भर हो रहीं ग्राम की महिलायें

*** बैगा परिवारों को दुग्ध उत्पादन हेतु दी जायेंगी भैसें।**





हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बुधवार को ग्राम कुम्हर्रा जनपद पंचायत मोहगांव में भूमि महिला आजीविका मिशन ग्राम संगठन के कार्यों का अवलोकन किया। ग्राम कुम्हर्रा में ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा विभिन्न गतिविधियाँ व कार्य संचालित हैं। जिससे ग्राम संगठन की महिलाओं ने जल संरक्षण, पौधरोपण, सब्जी उत्पादन, मुर्गीपालन, रबी, खरीफ और जायद फसल का उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन चुके हैं। ग्राम संगठन की महिलाओं ने बताया कि पहले गांव में पानी की कमी होने के कारण फसलों का उत्पादन नहीं हो पाता था। जिससे गांव के अधिकांश नागरिक रोजगार की तलाश में पलायन कर जाते थे। उन्होंने बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर गांव की महिलाएं स्वयं के खेतों में काम करना प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि गांव में पानी की कमी होती थी, जिससे गांव के लोग खेती नहीं कर पाते थे। बरसात का पानी नालों के माध्यम से बह जाता था। ग्राम संगठन की महिलाओं ने वर्षा के पानी को रोकने के लिए कंटूर ट्रंच, स्टॉप डेम, अमृत सरोवर, बोल्डर चैकडेम, वृक्षारोपण और तालाब निर्माण का कार्य व्यवस्थित रूप से कराया। जिससे वर्षा का पानी भूमिगत होने से गांव में भूमि का जल स्तर बढ़ गया। इससे खेती, फसल उत्पादन, सब्जी उत्पादन सहित अन्य गतिविधियां प्रारंभ की गई। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने ग्राम कुम्हर्रा में ग्राम संगठन की महिलाओं के द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने ग्राम कुम्हर्रा की रमा बाई दीदी के खेत में जाकर सब्जी उत्पादन को देखा। उन्होंने रमा बाई दीदी के द्वारा की जा रही सब्जी उत्पादन की खेती की प्रशंसा की। रमा बाई ने बताया कि उनके द्वारा लगातार सब्जी का उत्पादन किया जाता है। टैंक बनाकर सिचाई के लिए पानी रखा गया है। जिससे नियमित रूप से सिचाई की जाती है। रमा बाई ने बताया कि सब्जी का उत्पादन करने से उन्हें बाजार से सब्जियां खरीदनी नहीं पड़ती है। वह सब्जी बेचकर रूपए पैसे भी कमा लेती है जिससे उसके परिवार का गुजर-बसर चल जाता है। रमा बाई ने बताया कि वह मुर्गीपालन भी कर रही है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने रमा बाई को मछली पालन और भैंसपालन का व्यवसाय करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के द्वारा सर्वे कर ग्राम कुम्हर्रा के बैगा परिवारों को निःशुल्क भैंस उपलब्ध कराए जायेंगे, जिससे बैगा परिवार भी दुग्ध उत्पादन कर सकें। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने इस अवसर पर गांव में साफ-सफाई नियमित रूप से रखने के निर्देश दिए। जिससे ग्राम कुम्हर्रा की पहचान आदर्श ग्रामों में हो सके। गांव के युवाओं को नशाबंदी से दूर रहकर नशामुक्त रहने को कहा। जिससे युवा वर्ग सही दिशा की ओर आगे बढ़ सके। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने इसके बाद पशुधन सेवा केन्द्र कुम्हर्रा का निरीक्षण किया। पशुधन सेवा केन्द्र में मुर्गी, बकरी और मछली के लिए पोषण आहार तैयार किया जाता है, जो कि उनके पोषण एवं स्वास्थ्य केन्द्र लाभदायक होता है। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने ग्राम संगठन की महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे पोषण आहार की प्रशंसा की और इसकी व्यवस्थित रूप से मार्केटिंग करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम आकिप खान सहित ग्राम संगठन की महिलाएं, आजीविका मिशन के अधिकारी सहित जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।

### कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घुघरी में चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूजःमण्डला/घुघरी

कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयघुघरी में एलीमको संस्था द्वारा के चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल एवं जिला शिक्षा केंद्र मंडला के निर्देशन में आयोजित चिकित्सीय मूल्यांकन शिविर में जिला प्रभारी के के उपाध्याय सहायक परियोजना समन्वयक समावेशित शिक्षा व विकासखंड स्त्रोत समन्वयक हर्ष जोशी, एलिमिको मेडिकल टीम के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजा अर्चन करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस आयोजित शिविर में सभी शासकीय विद्यालय के दिव्यांग छात्र छात्राओं को लेकर संबंधित संस्था के शिक्षक एवं संस्था प्रधान पहुंचे व सभी बच्चों का चिकित्सीय मूल्यांकन किया गया। शिविर में 121 से अधिक बच्चों का चिन्ह्यांकन किया गया। जिन्हें एलीमको द्वारा 24 बबच्चो को उपकरणों के लिए चिन्हित किया गया। जिसमे 43 दिव्यांग नवीन प्रमाण पत्र बनाए गए, और लगभग 5 प्रमाण पत्रों का 38 बच्चो के नए मेडिकल प्रमाद पत्र बने 38 नवीनीकरण किया गया। प्रमाण पत्र भी दिव्यांग छात्राओं के बनाए गए। विकासखंड घुघरी में संचालित सभी प्राथमिक माध्यमिक शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण और दिव्यंगता का मूल्यांकन किया गया। इस चिकित्सकीय मूल्यांकन शिविर में सभी जन शिक्षकों के साथ ही कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के श्याम सुंदर अग्रवाल दुलारी सियाम सभी शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा कार्यकम का मूल्यांकन शिविर में जिला परियोजना समन्वयक अरविंद विश्वकर्मा सहायक परियोजना समन्वयक, के के उपाध्याय, विकासखंड एकेडमिक समन्वयक अमित श्रीवास्तव खिलेश्वर बाबा जन शिक्षक पुष्पेंद्र तिवारी डीडी दुबे दिनेश सिंह रहा अमित बरेली अजय पांडे एमआरसी बसन्त झरिया एवम अनिता रहगदले का सहयोग सराहनीय रहा।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ठोंढ़ा**
**जनपद पंचायत बिछिया, जिला-मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक 69 दिनांक 08/01/2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत ठोढ़ा मं वर्ष 2024-25 में जी डी वी पी एवं अन्य में शामिल व स्वीकृत 15 वां वित्त स्टाम्प शुल्क व अन्य मद से भवन निर्माण कार्यो में आवश्यक सामग्री रेत, ईट, सीमेंट लोहा 8 एम एम 10 एम एम 12 एम एम 16 एम एम 20 एम एम 30 एम एम 40 एम एम सेंटिग मिक्सर बाईब्रेटर अन्य सामग्री की आवश्यकता है निविदा प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर जीएसटी धारक कार्यालयीन में बंद लिफाफे में कोटेशन दर प्रस्तुत करें।

श्रीमती सुमत्रा मरावी, सरपंच | राहुल भावरे, उपसरपंच | सचिव, ग्राम पंचायत ठोंढ़ा

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर हर्ष सिंह ने जनजातीय कल्याण केन्द्र बरगांव का किया निरीक्षण



**डिंडौरी** । कलेक्टर हर्ष सिंह ने जनजातीय कल्याण केन्द्र बरगांव का निरीक्षण किया। उन्होंने 19 जनवरी 2025 को केन्द्र में आयोजित होने वाले जनजातीय लोक संस्कृति मेला के आयोजन के संबंध में व्यवस्थाओं का जायजा लिया और तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी** । कलेक्टर हर्ष सिंह ने डिंडौरी जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश के लिए आदेश जारी किए हैं। जारी आदेश के मुताबिक 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति, 29 जुलाई 2025 को नागपंचमी और 30 सितंबर 2025 को दुर्गाष्टमी के दिन स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। उक्त स्थानीय अवकाश कोषालय/उप कोषालय तथा बैंकों पर लागू नहीं होंगे।

### नवोदय विद्यालय डिण्डौरी की प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी को होगी



**शहपुरा**। पी.एम.श्री जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य डॉ. हर्ष प्रताप सिंह ने जानकारी में बताया है कि सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु जो ऑन लाईन फार्म भरे गये है उनमें कक्ष 6वीं की प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी दिन शनिवार को जिले के विभिन्न 26 परीक्षा केन्द्रों में होने जा रही है, समस्त प्रतिभागियों को सूचित किया जाता है कि नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय की वेबसाइट से प्रतिभागी अपना प्रवेश सत्र डाउन लोड कर सकते है। आवेदन में किसी तरह की विसंगति/ त्रुटि की दशा में सुधार हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय धमनगांव, डिण्डौरी में सम्पर्क कर सकते है।

### जनसुनवाई में अनुपस्थित रहे अधिकारियों पर शास्ति अधिरोपित

**अनूपपुर**। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 7 जनवरी को संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने वाले सात अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए शास्ति अधिरोपित की है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर द्वारा जनसुनवाई में जिला स्तरीय अधिकारियों को संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपस्थित रहने एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को संबंधित अनविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालयों में उपस्थित होकर व्ही.सी. लिंक के माध्यम से संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई से जुड़ने के निर्देश दिए गए थे। परंतु निर्देश के बाद भी 7 जनवरी को आयोजित जनसुनवाई में सात अधिकारी अनुपस्थित थे, जिन पर कलेक्टर ने पाँच-पाँच हजार रुपये की शास्ति अधिरोपित की है। जिनमें सीडीपीओ जैतहरी सतीश जैन, खंड शिक्षा अधिकारी जैतहरी शिरीष श्रीवास्तव, खंड चिकित्सा अधिकारी जैतहरी डॉ. मोहन सिंह श्याम, एस.ए.डी.ओ. कृषि जैतहरी रामाधार सिंह मरावी, पशु चिकित्सा अधिकारी जैतहरी डॉ. योगेश चंद्र दीक्षित, वि.वि. केंद्र प्रभारी जैतहरी एवं बीआरसी जैतहरी विष्णु कुमार मिश्रा शामिल हैं।

### गणतंत्र दिवस आयोजन संबंधी बैठक कल

**अनूपपुर**। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक एवं सफल आयोजन हेतु शुक्रवार 10 जनवरी को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई है।

# कलेक्टर हर्ष सिंह ने ग्राम पंचायत अमठेरा का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

**कलेक्टर हर्ष सिंह ने ग्राम अमठेरा के लिए प्रस्तावित पंचायत भवन के लिए स्थल निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत भवन का निर्माण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के तहत किया जायगा।**





कलेक्टर हर्ष सिंह ने पंचायत भवन के लिए साइट प्लान, डिज़ाइन, बॉउंड्री वाल आदि का निरीक्षण किया, उन्होंने सम्बंधित पटवारी को भूमि का मापने के लिए निर्देशित किया, साथ ही उन्होंने कहा कि अतिक्रमण होने की स्थिति में हटाने की कार्यवाही करें। इस दौरान कलेक्टर हर्ष सिंह ने ग्राम सरपंच और ग्रामीणों से चर्चा कर ग्राम पंचायत के मुद्दों और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि ग्राम पंचायत में सीसी रोड का निर्माण, पीएम आवास योजना के तहत आवास निर्माण आदि कार्य किये जा रहे है। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी परिसर से दो दिन में अतिक्रमण हटाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम अमठेरा के ई पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया, उन्होंने 15 वें वित्त के तहत किये जा रहे व्यय की जानकारी लेते हुए निर्माण कार्य में प्रगति लाने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने पंचायत में प्राप्त हो रहे आवेदन, शिकायत पंजी आदि की जानकारी ली। जाँच के दौरान रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं पाए गए, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने ग्राम सचिव को आवेदन पंजी, स्वीकृति प्रकरण, आवेदन पर कार्यवाही, निराकरण स्थिति सहित अन्य रिकॉर्ड नियमित रूप से व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा, कार्यपालन यंत्री आरईएस दीपक आर्मो, तहसीलदार शहपुरा पुष्पेंद्र पेन्द्रे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत आयोजित हुए जन शिविर

## ग्राम पंचायत राघोपुर में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से निरंतर जनशिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज बुधवार को मेंहदवानी जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत जरगुड़ा, चौबीसा, राघोपुर, खम्हरिया, कलगीटोला एवं जनपद पंचायत करंजिया के ग्राम पंचायत रैतवार, किरंगी, खन्नात, गारकामट्टा, मेढ़ाखार और करंजिया में शिविरों का आयोजन किया गया। मेंहदवानी क्लस्टर में आयोजित जनशिविर में शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए, जिसमें उन्होंने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। विधायक ने ग्राम पंचायत चौबीसा में 15वें वित्त के तहत नल जल विस्तारीकरण का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत राघोपुर में सामुदायिक भवन निर्माण एवं ग्राम पंचायत जरगुड़ा में 5वें वित्त आयोग के तहत आंगनवाडी केन्द्र में बाउंड्री वॉल का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम पंचायत जरगुड़ा में विधायक मद से स्टॉप डेम निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन आपके द्वार तक आपकी समस्याओं का निराकरण करने पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में किए जा रहे निर्माण कार्यों से ग्राम का विकास किया जा रहा है। कुछ ऐसे लोग भी है, जिन्हें योजना का लाभ किसी कारणवश नहीं मिला पाया है, उन्हें शिविर में निराकृत कर रहे है। चिन्हित समस्याओं को हल करने लक्ष्य बनाकर कार्य कर रहे है। विधायक श्री धुर्वे ने वृद्धा पेंशन, मातृत्व वंदना योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, सम्बल कार्ड, प्रसूति सहायता आदि योजनाओं के सम्बन्ध में ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान विधायक श्री धुर्वे ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और अधिकारी अपनी सहभागिता निभाते हुए बड़ी संख्या में शिविरों में शामिल हो रहे हैं। शिविर में आए हितग्राहियों को शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है । शिविरों में जनसुलभ तक शासन की योजनाओं का लाभ सुगमतापूर्वक पहुंचाया जा रहा है। शिविरों में पंचायत विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभाग जन जन तक प्रशासन आपके द्वार की संकल्पना को पूरा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत प्रशासन गाँव की ओर की अवधारणा को साकार करने के उद्देश्य से जिले में जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों सहित नगर परिषद क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिले में अभियान के तहत 392 शिविर आयोजित होने है, जोकि प्रतिदिन जनप्रतिनिधि और अधिकारीगणों के द्वारा संपन्न कराए जा रहे है। जनशिविर के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण और राज्य व केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इस दौरान कार्यक्रम में बद्री साहू, सुदामा प्रसाद बर्मन सहित अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



## घुघवा राष्ट्रीय उद्यान का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी** । कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज बुधवार को जिले के पर्यटन स्थलों को बेहतर करने एवं जिले में पर्यटन क्षेत्र की सम्भावनाओं को गति देने के उद्देश्य से जनपद पंचायत शहपुरा स्थित घुघवा राष्ट्रीय उद्यान का निरीक्षण किया, कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने पर्यटन से सम्बंधित सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए स्थल का जायजा लिया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि घुघवा में मुख्यतः पौधों के जीवाश्म मिले हैं जो आज से लगभग 6.5 करोड वर्ष पुराने हैं। यह काल मध्यजीवी महाकल्प के अंतिम एवं नूतन जीव महाकल्प के प्रारंभ के मध्य का समय है। जीवाश्मों की खोज का श्रेय तत्कालीन सांख्यिकी अधिकारी और जिला पुरातत्व के पदेन सचिव डॉ. धर्मेन्द्र प्रसाद को जाता है। बाद में जबलपुर विज्ञान कॉलेज के डॉ. एस.आर. इंगले और लखनऊ के बीरबल साहनी पुरावनस्पति विज्ञान संस्थान के डॉ. एम.बी. बाण्डे ने इन जीवाश्मों का विधिवत अध्ययन किया है। राष्ट्रीय उद्यान के रूप में यह स्थल संरक्षित है। कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने पर्यटकों के संबंध में जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि उद्यान में देश विदेश सभी जगह से पर्यटक आते हैं एवं विद्यालयों के द्वारा भी शैक्षणिक भ्रमण करवाया जाता है। उक्त निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# कलेक्टर ने बरगांव धान उपार्जन केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज बरगांव धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र प्रभारी से अब तक क्रय की गई धान की मात्रा और गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने खरीदी केंद्र में मूलभूत सुविधाओं के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए,उन्होंने केन्द्र में बारदानों की उपलब्धता तथा स्लॉट बुकिंग की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान खरीदी केंद्रों पर तौल काँटा, बिजली, पेयजल, छलनी, श्रमिकों की उपलब्धता, सर्वेयर की उपस्थिति, बारदाना, उठाव, परिवहन आदि व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने धान उपार्जन करने आये किसानों से केंद्र की व्यवस्था की जानकारी ली, जिसमें किसानों ने केंद्र की व्यवस्थाओं से संतुष्टि व्यक्त करते हुए, बताया कि स्लॉट बुकिंग से लेकर धान उपार्जन के लिए भुगतान तक सभी सुविधाओं का उचित प्रबंध किया गया है। उक्त निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ग्राम सर्वेयर (राजस्व सहायक) ने अपनी समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

# मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम शहपुरा को सौंपा ज्ञापन

### मानदेय भुगतान नियमितीकरण, कार्य-सुविधाओं और तकनीकी सुधारों की किए मांग

हरिभूमि न्यूज शहपुरा



डिंडोरी जिला शहपुरा तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम सर्वेयर (राजस्व सहायक) ने अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम एक आवेदन प्रस्तुत किया है। इसमें उन्होंने मानदेय भुगतान, नियमितीकरण, कार्य-सुविधाओं और तकनीकी सुधारों की मांग की है।ग्राम सर्वेयरों ने बताया कि खरीफ फसल सर्वे कार्य पूरा होने के बावजूद उनका मानदेय अब तक भुगतान नहीं हुआ है, जिससे उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। इसके अलावा, वे भूमि से जुड़े अन्य कार्य जैसे ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री, और ROR के माध्यम से ग्रामवासियों की सहायता कर रहे हैं।

**प्रमुख मांगें:**

1. खरीफ फसल सर्वे कार्य का लंबित मानदेय शीघ्र भुगतान हो और प्रति माह 9,000 का मानदेय सुनिश्चित किया जाए।
2. सभी ग्राम सर्वेयरों को नियमित किया जाए।
3. फसल सर्वेक्षण कार्य किसी बाहरी कंपनी को न दिया जाए।
4. भूमि-संबंधी कार्यों के लिए लैपटॉप व अन्य तकनीकी सुविधाएं प्रदान की जाएं।
5. फार्मर रजिस्ट्री में आ रही सर्वर समस्याओं का समाधान हो।

ग्राम सर्वेयरों का कहना है कि इन मांगों के पूरा होने से उनके कार्यों में सुधार आएगा और ग्रामवासियों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।ग्राम सर्वेयरों ने प्रशासन से आग्रह किया कि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए ताकि वे अपनी सेवाएं प्रभावी ढंग से जारी रख सकें। आवेदन सौपने के दौरान ग्राम पंचायत रनगांव के सर्वेयर जितेंद्र झारिया, टिकरिया पंचायत के सर्वेयर दुर्गेश झारिया, बडखेरा के अयोध्या प्रसाद रैदास, और पड़रिया पंचायत के सर्वेयर बसंत सहित अन्य सर्वेयर उपस्थित रहे।

## नर्मदा जयंती महोत्सव के कार्यक्रम स्थलों का कलेक्टर ने लिया जायजा



### आयोजन को भव्य बनाने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**अनूपपुर**। मां नर्मदा की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में मां नर्मदा जयंती महोत्सव के तीन दिवसीय आयोजन को व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के दृष्टिकोण से कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आयोजन के संबंध में प्रीबिड मीटिंग तथा कार्यक्रम के प्रस्तावित स्थलों का जायजा लिया गया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा तहसीलदार गौरी शंकर शर्मा नायब तहसीलदार कौशलेंद्र मिश्र जिपं के लेखा अधिकारी संतोष करचाम सहित नगरीय निकाय, वन तथा पर्यटन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। नर्मदा जयंती महोत्सव के परिपेक्ष्य में कलेक्टर हर्षल पंचोली ने रामघाट के उत्तर एवं दक्षिण तट, मेकल पार्क, मां नर्मदा मंदिर परिसर, सर्किट हाउस के पीछे स्थित मेला ग्राउंड, शंभू धारा के स्थलों का भ्रमण कर नर्मदा जयंती कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध मे मौका भ्रमण करते हुए व्यवस्थाओं के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। कलेक्टर ने तीन दिवसीय नर्मदा जयंती महोत्सव कार्यक्रम को भव्य एवं दिव्य बनाने के लिए संपूर्ण क्षेत्र में की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में भी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने नर्मदा महा आरती, शोभायात्रा, योग ट्रैकिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लाइट एंड साउंड शो, फूड एंड हैंडीक्राफ्ट स्टॉल, साफ सफाई, पार्किंग लाइटिंग, रंग रोगन, सजावट आदि के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश संबंधितों को दिए।

## मुख्य मार्ग से फ्लाई ऐश वाहन पार्किंग पर तत्काल रोक लगाने की मांग

**अनूपपुर**। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने अनूपपुर जिला मुख्यालय के चारों ओर स्थित मुख्य मार्ग में भारी वाहनों के जमवाड़ा (पार्किंग) से जनजीवन के खतरा व कानून व्यवस्था को चुनौती पर कार्यवाही की मांग मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन भोपाल, पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय भोपाल, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, पुलिस महानिरीक्षक शहडोल संभाग शहडोल, आयुक्त शहडोल संभाग शहडोल एवं कलेक्टर अनूपपुर से की है। उन्होंने अपने पत्र में लेख किया है कि अनूपपुर जिला मुख्यालय के प्रवेश के पूर्व जैतहरी-अनूपपुर मार्ग, चचाई-अनूपपुर मार्ग एवं सांधा-अनूपपुर मुख्यालय मार्ग में अपरान्ह 03-04 बजे से देर रात्रि 10 बजे तक मुख्य सड़क में बड़े-बड़े बल्कर हाईवा खड़े हो जाते है, जिसके कारण आवागमन प्रभावित होते है तथा आये दिन अनेक दुर्घटनाएँ घटित हो चुकी है,जिसमें अनेक राहगीरों की मृत्यु हो चुकी है। ज्ञात हो कि जिला प्रशासन ने फ्लाई ऐश (राखड़) वाहन का संचालन सुबह 05.30 बजे से रात्रि 09.30 बजे तक प्रतिबंधित किया है। जिससे हिन्दुस्तान एम.बी. पावर के फ्लाई ऐश एवं खाली वाहन जो हिन्दुस्तान एम.बी.पावर आने के लिए जिला मुख्यालय के 03 दिशाओं में स्थित मुख्य मार्ग को पार्किंग बनाकर जनजीवन से खिलवाड़ करते हुए शासन व प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं। यह अत्यंत खेद का विषय है कि जिला मुख्यालय में कानून व्यवस्था की बदहाली सार्वजनिक सड़क के पार्किंग बन गई है। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन प्रतिबंधित समय मे फ्लाई ऐश वाहन के निकासी हिन्दुस्तान एम.बी.पावर गेट से ही प्रतिबंधित किया जाना जनहित एवं प्रशासन हित में है। जैतहरी से भालूमाड़ा मार्ग में 24 घंटे फ्लाई ऐश परिवहन की छूट दी गई है। जिसके कारण फ्लाई ऐश वाहन ने कई ग्रामीणों को कुचलते हुए उनके प्राणों की आहुति ले ली है।इस संबंध में पसान नगर पालिका, जैतहरी नगर परिषद एवं अनूपपुर क्षेत्र के विधायक एवं पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह ने प्रभारी मंत्री के माध्यम से ओव्हर लोड एवं भारी वाहनों का सुबह 6 बजे रात्रि 10 बजे तक फ्लाई ऐश परिवहन बंद करने के लिए कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखे है। ऐसा लगता है कि हिन्दुस्तान एम.बी.पावर एवं उनके ट्रांसपोर्टर के सामने प्रशासन नतमस्तक है तथा जिम्मेदार अधिकारी महीना वसूलने मे मस्त है। उन्होंने मध्यप्रदेश शासन से मांग की है कि अनूपपुर जिला मुख्यालय के चारों दिशाओं में स्थित मुख्य मार्ग को फ्लाई ऐश वाहन पार्किंग से तत्काल रोक लगाते हुए कंपनी गेट से ही प्रतिबंधित समय मे वाहनों की निकासी पर रोक लगानें का कष्ट करें। जिससे जनजीवन की सुरक्षा एवं जिला में कानून व्यवस्था बनी रहे।

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय रामचरित मानस सम्मलेन का आयोजन



**गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत ग्राम मानेगांव में अखिल भारतीय श्री रामचरित मानस सम्मेलन का 41 वा अधिवेशन का आयोजन 2 जनवरी से 8 जनवरी तक रुद्र प्रताप नगर मानेगांव में हो रहा है। रामचरित मानस सम्मलेन कार्यक्रम के अध्यक्ष कुं. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त धार्मिक आयोजन में प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 1बजे से 5 शाम बजे तक प्रवचन दिए जा रहे। कथा वाचक अतुलेशानंद गिरी महाराज चित्रकूट धाम एवं कई प्रदेशों के कथावाचक कार्यक्रम में राम कथा सुना रहे हैं। अखिल भारतीय श्री रामचरित मानस सम्मेलन कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल,पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी,मुकेश बिलवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल हुऐ।

### आवारा कुत्तों के झुंड ने किया गाय पर हमला हुई मौत



**गोटेगांव।** तहसील के अंतर्गत नजदीकी ग्राम पंचायत बगासपुर में हॉट बाजार के पास एक गाय पर आवारा कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया जिससे गाय की मौत हो गई। क्षेत्र में आम जनता के साथ-साथ पशु,जानवर भी आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान है विगत दिवस हॉट बाजार के पास एक गाय बछड़े को जन्म दे रही थी इसी दौरान कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया जिससे गाय की मौत हो गई। इस दौरान जब गांव के नागरिकों को घटना की जानकारी चली तब तक गाय की मौत हो चुकी थी।वही इस घटना के बाद ग्राम के कुछ नागरिकों ने ट्रैक्टर ट्राली की सहायता से मृत गाय को उठाकर उसका अंतिम संस्कार किया।

### जिले के विजन डॉक्यूमेंट तैयार किये जाने संबंधी बैठक सम्पन्न

# नागरिकों की आंकाक्षाओं, विचारों और प्राथमिकताओं को किया जायेगा शामिल





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विकसित जिला नरसिंहपुर विजन डॉक्यूमेंट को तैयार करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति काकोड़यिा, विधायकद्वय श्री विश्वनाथ सिंह व महेन्द्र नागेश की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बुधवार को संवाद बैठक सम्पन्न हुई।उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सर्वांगीण एवं समावेशी विकास की दिशा में अग्रसर होने एवं वर्ष 2047 तक विकसित भारत के साथ- साथ मप्र को भी एक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित मध्यप्रदेश 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इसी के तहत जिले के नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में जिला स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों की आकांक्षाओं, विचारों और प्राथमिकताओं को विजन डॉक्यूमेंट में सम्मिलित किया जाएगा। सुझावों का स्वरूप जिले की प्राथमिक आवश्यकताओं जैसे आर्थिक विकास, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, युवा शक्ति, जनजातीय विकास और अन्य जिला प्राथमिकताओं पर केंद्रित है। इसी क्रम में विकसित जिला नरसिंहपुर/2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के उद्देश्य से यह संवाद बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के साथ जिले के सर्वांगीण एवं समावेशी विकास के लिए विजन 2047 पर चर्चा की गई। सहमति जताई गई कि जिले को आर्थिक संरचना की दृष्टि से मध्यप्रदेश का प्रतिनिधि जिला है। यह एक ग्रामीण एवं कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था है, जिसमें औद्योगिक विस्तार की महती आवश्यकता है। कृषि क्षेत्र में उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि की आवश्यकता है, लेकिन कृषि क्षेत्र में जुड़ी हुई अतिरिक्त जनसंख्या को ग्रामीण उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में स्थानांतरित करने की सख्त जरूरत है, ताकि कृषि पर अतिरिक्त बोझ को कम किया जा सके। जिले की आर्थिक व्यवस्था को विस्तार एवं वैविध्य प्रदान किया जा सके। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने सुझाव दिये गये कि महिलाओं की सामाजिक स्थिति में सुधार लाते हुए महिला- पुरूष अनुपात को 950 तक लाया जाये। कुपोषण एवं अल्परक्तता (0-6 वर्ष) से घटाकर शून्य प्रतिशत तक किया जाये। सभी बसाहटों में पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की जायेगी। महिला सशक्तिकरण के लिए सामाजिक- आर्थिक विकास एवं विभिन्न क्षेत्रों में निर्णय लेने के लिए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। जिले में उपलब्ध सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ करने के लिए उसमें विस्तार लाया जाये। उपलब्ध जल स्त्रोतों का विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जाये, ताकि भविष्य में जल स्त्रोतों के क्षरण की समस्या उत्पन्न न हो। जल संसाधन के संरक्षण के लिए नदियों में स्टाप डेम बनाये जायें और छोटे एवं बड़े तालाबों का संरक्षण व संवर्धन भी किया जाये। सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीति सशक्तिकरण के माध्यम से जिले के कमजोर वर्गों, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक एवं गरीबों का विकास सुनिश्चित किया जाये। ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त नियमित ऊर्जा उपलब्ध कराने के लिए ऊर्जा अधोसंरचना का निर्माण करना। समस्त ग्रामीण क्षेत्रों को पक्के सड़क मार्गों से जोड़ना। जिले में सूचना एवं संचार क्रांति के विकास का लाभ उठाने के लिए कम्प्यूटर शिक्षा एवं प्रसार करना ताकि जिले को ज्ञान आधारित व्यवस्था का लाभ रोजगार निर्माण एवं आर्थिक समृद्धि जाने में किया जा सके। युवाओं के भविष्य के लिए जिले में मेडिकल कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, आयुर्वेद महाविद्यालय के साथ-साथ इंजीनियरिंग कॉलेज भी खोले जायें। किसानों के हितार्थ कृषि भवन बनाये जावें, जिसमें किसानों को कृषि के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त किया हो सके। जिले में संचालित लघु, उद्यम, वृहद उद्योगों को और विकसित किया जावे, ताकि रोजगार की समस्या को समाप्त किया जा सके। जिले के समस्त नगरीय क्षेत्र को मिनी स्मार्ट सिटियों में परिवर्तन किया जावे तथा समस्त ग्रामों को आदर्श ग्राम बनाया जावे। इसके अलावा 2047 तक सम्पूर्ण जिला डिजीटल प्लेटफार्म पर लाया जावे।

बैठक में जिला पंचायत सदस्य, नगर पालिका अध्यक्ष सहित अन्य विशिष्ट जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## स्कूली बच्चों को वितरित की स्वेटर



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ठंड के मौसम में सुबह की पाली में लगने वाले स्कूली बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसी स्थिति में बच्चों को गर्म कपड़े स्वेटर का वितरण करना एक सराहनीय पहल है और यह पहल शासकीय तिलक प्राथमिक शाला कंदेली में देखने को मिली। जहां पर प्रधान पाठक श्रीमती प्रेमलता नेमा के द्वारा लगभग 25 बच्चों को गर्म स्वेटर का वितरण किया गया। श्रीमती नेमा के अलावा स्कूली स्टाफ भी उनके योगदान में अपना सहयोग प्रदान करते हैं। वहीं बच्चों को स्वेटर मिलने पर उनके चेहरे पर खुशी का ठिकाना नही था। स्वेटर वितरण के समय शाला परिवार में श्रीमती निशा खत्री, श्रीमती शोभना कुशवाहा, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी कुशवाहा उपस्थित रहीं।

## आध्यात्मिक कवि सम्मेलन में दिया गया संदेश

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गायत्री परिवार ट्रस्ट नरसिंपुर एवं झिरना वासियों द्वारा मां नर्मदा कुंड झिरना नरसिंहपुर में पंच कुंडीय गायत्री यज्ञ के दौरान आध्यात्मिक कवि सम्मेलन का आयोजन आचार्य थम्मन सिंह शर्मा की अध्यक्षता में किया गया । अपने उद्बोधन में आचार्य जी ने वर्तमान समय में आध्यात्मिक परिवेश की आवश्यकता पर प्रकाश डाला । कवि सम्मेलन का प्रारंभ मेघा मिश्रा द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ फिर उन्होंने पढ़ा - खून से लतपथ इस धरती पर में कैसे तुझे विस्तार करू । अब तू ही बता मेरी बेटी में कैसे तुझे स्वीकार करू । प्रशांत शर्मा ने इस प्रकार पढ़ा - धर्म की ध्वजा आकाश से पाताल पहुंच जाती है। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे कवि डॉक्टर शंकर सहर्ष ने अपने संचालन के दौरान खूब तालियां बजवाई फिर उन्होंने पढ़ा-मां जीवन की दाता है तो, जीवन का आधार पिता। विनीत नामदेव ने ओज में प्रस्तुति दी-गद्दारों के नारे ही अगर लगने लगे अच्छे ,तो संभव है तुम्हारा जन्म बेमानी सा हो जाए। कुंज बिहारी यादव ने अपने ढंग से कहा - शीश गंग भस्मी अंग ,गले में भुजंग ,भोग भंग गौर रंग , संग गौरा माँ विराजी हैं। नरेंद्र सराठे, राजेश कौरवे, शंकरपाल चैहाने, विकास बैरागी, रामनारायण, अवधेश गौरव ने भी प्रस्तुति दी गायत्री परिवार से जुड़ेराम शंकर वर्मा जी ने पढ़ा- हम बदलेंगे, युग बदलेगा ।अंत में कवि सम्मेलन मैं पधारी हुई समस्त जनता का आभार प्रदर्शन उप ट्रस्टी पी सी शाक्य द्वारा किया गया । कवि सम्मेलन को सफल बनाने में समस्त झिरना वासी एवं समस्त गायत्री परिवार के परिजनों का विशेष योगदान रहा



## मरीजों के आवागमन हेतु एंबुलेंस प्रदान



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** ग्रामीण आदिवासी अंचलों में निशुल्क नेत्र जांच शिविर के आयोजन हेतु नेत्रालय परिवार में एक नयी मारुति सुजुकी इको एंबुलेंस प्रदान की गयी जिसके माध्यम से मरीजों को अस्पताल लाने एवं राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशासनिक अनुमति से निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर के आयोजन के कार्य को और तीव्रता मिलेगी। ताकि शंकराचार्य नेत्रालय समाज को मोतियाबिंद मुक्त बनाने की पूज्य महाराज श्री जी के जनसेवा के आदेश एवं शासन की संकल्पना में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा।

# कैसें करें परीक्षाओं की तैयारियां'

### क्या कहते हैं विषय विशेषज्ञ

**तेंदूखेड़ा।** आगामी फरवरी माह के प्रथम सप्ताह से वोर्ड कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी। पिछली साल की तरह इस साल भी फरवरी माह में परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया है। परीक्षा में इस बार दसवीं में प्रत्येक विषय का पेपर 75 अंक एवं बारहवीं के 80 अंक का पेपर होगा। आंतरिक मूल्यांकन में 10 वी में 25अंक जबकि 12 वीं में नान प्रेक्टीकल विषयों का 80अंक और आंतरिक मूल्यांकन 20 अंक का होगा। प्रायोगिक विषयों की परीक्षा 70 अंक और प्रेक्टीकल पेपर 30 अंक के होंगे।छात्रों को छोटे छोटे प्रश्न ज्यादातर हल करने होंगे। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों की संख्या कम रहेगी। सैंपल पेपर बेबसाइड पर अपलोड कर दिए गए हैं। बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र में दिये गये निर्देशों को अवश्य पढ़ें एवं उनका पालन करें। अक्सर कर परीक्षाओं को लेकर छात्रों में एक भय का वातावरण देखने को मिलता है। छात्र रात रात भर जाग कर तैयारी में जुटे हुए देखे जाते हैं। इस विषय को लेकर विषय विशेषज्ञ शिक्षकों ने परीक्षा पूर्व छात्रों को कुछ आवश्यक उपाय मार्गदर्शन साझा किए हैं।

### रात्रि में जल्दी सोएं एवं सुबह जल्दी उठकर अध्ययन करें

परीक्षा की अच्छी तैयारी के लिए प्रत्येक विषय के पाठ्यक्रम का गहनता से अध्ययन करें, प्रत्येक विषय की तैयारी के लिए टाइम टेबल बना ले उसी के अनुसार प्रत्येक विषय की पढ़ाई करें जो टॉपिक कठिन लगता है उसको बार-बार पढ़ें लिखकर याद करें शिक्षक से मार्गदर्शन लेते रहे। ज्यादा देर रात तक ना पढ़ें, जल्दी सोयें एवं सुबह जल्दी 4 बजे उठकर पढ़ाई करें कम से कम 7 घंटे नींद अवश्य ले, बोर्ड द्वारा निर्धारित ब्लूप्रिंट के अनुसार पढ़ाई करें ,विगत वर्षों के बोर्ड परीक्षा के प्रश्न पत्रों को जरूर हल करें पौष्टिक एवं सुपाच्य भोजन करें परीक्षा स्थल पर समय के पूर्व पहुंचे ।परीक्षा का भय अपने मन से निकाल दें। पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ परीक्षा देने जाएं किसी प्रकार की घबराहट होने पर गहरी सांस लेकर छोड़ें।

### सुंदर लिपि में लिखें

संस्कृत के विद्वान शिक्षक एवं प्राचार्य पं,कमल कुमार शास्त्री कहते हैं कि हाई स्कूल परीक्षा दसवीं तृतीय भाषा संस्कृत की तैयारी करते समय व्याकरण भाग की अच्छी तरह से तैयारी करें, शब्द रूप, धातु रूप संधि समास प्रकृति प्रत्यय वाच्य परिवर्तन वाक्य शुद्धिकरण, पर्यायवाची शब्द विलोम शब्द आदि व्याकरण भाग की गहनता से तैयारी करें ।विषय वस्तु को लिखकर याद करें और लिखने पर जो त्रुटियां होती हैं उनको दूर करके दोबारा लिखकर देखें। संस्कृत विषय में उत्तर पुस्तिका में लिखने के लिए 3 घंटे का पर्याप्त समय रहता है। अतः जल्दबाजी न करें, उत्तर कॉपी में सुंदर स्पष्ट लेखनी में उत्तर लिखें, लिखने में किसी प्रकार की हलंत विसर्गएवं अन्य प्रकार की अशुद्धियां ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें, उत्तर पुस्तिका में अपना रोल नंबर एवं अन्य जानकारी सही-सही और सावधानी पूर्वक अंकित करें।

### हिंदी हमारी मातृभाषा

'हिंदी विषय के शिक्षक अमित तिवारी बताते हैं कि प्रत्येक छात्र को व्याकरण पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हिंदी हमारी मातृभाषा है इस पर हमारा एकाधिकार भी है । भाषाओं को हम समझते भी है। लेकिन एक भी अक्षर या शब्द गलत हो जाने पर नंबर कट जाते हैं।गध्दांश और पध्दांश को भली भांति समझने की जरूरत है। निबंध लेखन में संदर्भ उद्देश्य के बाद ही अंदर विस्तार दिया जाये अंत में उपसंहार में निचोड़ लिखा होने से जांच कर्ता निर्धारित अंक दे सकता है। उत्तर कापियों में ज्यादा कांट छांट ना करें सुंदर लिखाई भी आवश्यक है।

### ग्रामर समझना जरूरी

अंग्रेजी विषय की शिक्षिका श्रीमती राजेश्वरी साहू का कहना है कि छात्र सेक्सन के आधार पर अध्यापन करें। अंग्रेजी में ग्रामर को समझना जरूरी है अनशीन लेटर एप्लीकेशन निबंध,के साथ साथ प्रश्न पत्रों को हल करना चाहिए। पिछले सालों के प्रश्न पत्रों को उठाकर देखें उन्हें हल करें इन प्रश्न पत्रों से हमें जानकारी मिलती है। अंग्रेजी विषय ना पढ़ने वाले छात्रों को कठिन लगती है लेकिन अध्ययन करने वालों को सरल और सहज विषय है।

### पुराने सेटों को देखे

कामर्स विषय के शिक्षक आशुतोष नामदेव मिलन जैन बताते हैं कि पिछले सालों के प्रश्न पत्रों के पुराने सेटों को देखें। विकल्पों पर ध्यान दें। स्कूल के साथ साथ घर पर ज्यादा ध्यान देकर अध्ययन करें। इंटरनेट पर माडल पेपर सेट निकालकर उससे अनुभव लेते रहें। अध्यापन के साथ मार्गदर्शन ज्यादा कारगर साबित होता है।

*गणित में सूत्र महत्वपूर्ण लेकिन विषय आसान*

गणित विषय के शिक्षक हरिराम प्रजापति एवं श्रीमती रश्मि शर्मा बताती हैं कि गणित सूत्रों पर चलने वाला विषय है।पढ़ने और समझने वाले छात्र को यह विषय काफी सहज है। वस्तुनिष्ठ प्रश्न तैयार करें।निदानात्मक कक्षाओं में जो शेड्यूल उपलब्ध कराये जाते हैं।उन पर ध्यानपूर्वक देखें।पहले दो,दो अंकों वाले फिर 3,4,5,अंक वाले प्रश्न तैयार करें। सांख्यिकी एवं प्रायिकता वाले अध्याय को तैयार करें। पुराने सालों के प्रश्न पत्रों को उठाकर हल करें, परीक्षा कक्ष में प्रत्येक प्रश्न को भलि भांति समझ लें फिर उसे हल करें। नियमित अध्ययन जरुरी है।

### अभिक्रियाओं को समझना जरूरी

रसायन विज्ञान पर अपना एकाधिकार रखनें वाले प्राचार्य समीम कुरेशी एवं योगेश पटेल बताते हैं कि रसायन विज्ञान एक महत्वपूर्ण विषय है,इस विषय में जो छात्र अभिक्रियाओं को भलि भांति समझ लेता है उसे बहुत जल्दी समझ आ जाती है। महत्वपूर्ण और बड़े बड़े प्रश्नों को पहले हल करना और फिर चित्रों के माध्यम से अपने दिमाग में उसकी वास्तविकता को समझना जरूरी है।

## नर्मदा परिक्रमा कर रहे अभिषेक गुरु ने किया हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन



**तेंदूखेड़ा।** बुधवार को मां नर्मदा की परिक्रमा कर रहे वात्सल्य धाम जबलपुर के संस्थापक संकटमोचक हनुमान जी महाराज के विशेष कृपा पात्र अभिषेक गुरूजी का तेंदूखेड़ा नगर के हृदय स्थल श्री राम रसिया दादा दरबार हनुमान मंदिर तेंदूखेड़ा में अल्प प्रवास हुआ जहां उपस्थित समस्त भक्त मंडल के द्वारा आत्मीय अभिनंदन किया गया। स्मरण रहे की महाराज जी मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा के लिए पथ निर्माण पर्यावरण संरक्षण विलुप्त हो रही नदियों के उचित संरक्षण जैसे पावन उद्देश्य को लेकर परिक्रमा कर रहे है। श्री राम रसिया भक्त मंडल के द्वारा एक सुंदरकांड में उपस्थित रहने के लिए समय का आग्रह किया जिसे महाराज जी ने स्वीकार करते हुए आगामी समय में पुनः तेंदूखेड़ा आने को कहा इस अवसर पर श्री राम रसिया भक्त मंडल के समस्त साथी तथा नगर की युवा भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी के द्वारा पुष्प मालाओं शाल श्रीफल से स्वागत किया।

## क्षय रोग संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में 100 दिवसीय निक्षय अभियानष चलाया जा रहा है। इसके तहत मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के दौरान लगाये जा रहे शिविरों के माध्यम से लोगों को क्षय रोग, टीबी आदि के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और स्कूलों में प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जा रहा है।इसी क्रम में करेली ब्लॉक के अंतर्गत पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ क्षय रोग से संबंधित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया।

# अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**गोटेगाँव।** नगर के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राथमिक विभाग का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया भैया बहनों की सफलता अधिक मेहनत अच्छे परिणाम के लिए भैया बहनों को प्रेरित किया गया अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम में कक्षा पंचम से भैया ऋतिक रैपुरिया सर्वाधिक अंक 3 400 में से 394 अंक प्राप्त कर 98.5% अंक प्राप्त की मान्ब्राह्मण 96.7 कमल सेन 95% कार्तिक पटेल 90.02 ऋषभ रजक 90.02 कक्षा चतुर्थ में प्रदीप पाठकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया 400 में से 393 98. पांच% प्रदीप यादव 98.2 कृष्ण अवस्थी 96.5 कामिनी राजपूत 94.7 कक्षा तृतीय राज चौधरी 93.02 गीतांजलि लोडिंग 91.5 चैतन्य पटेल 91.3 वंदना पटेल 91 कक्षा द्वितीय हरि ओम नोरिया 97.5 चैतन्य रजक 96.7 आरती पटेल 94.5 ऋतिक ढीमर 90.5 चैतन्य प्रजापति 94.7 मधु लोधी 94.5 कक्षा प्रथम में रुद्र मोरिया 96.5 विनायक पटेल 13 दिसंबर 2 आतिश लोधी 92.5 संकट का हर 90.7 सूरज सिलावट 91.02 माही ठाकुर 91.02% लेकर अपने स्थान पर कायम रहे इस अवसर पर प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने सभी भैया बहनों को अच्छे परिणाम लाने हेतु प्रेरित किया परीक्षा प्रमुख किशोर शुक्ला आचार्य संजय जैन सरदार पटेल ज्योति दुबे पूजा यादव अंजना दीक्षित सोनम पटेल पूजा पटेल तुलसा नामदेव किरण चौरसिया कल्पना चौरसिया आयुषी राजपूत सुलेखा सोनी कक्षा चारों ने भी सफलता पर शुभकामनाएं दी कार्यक्रम का संचालन अंजना दीक्षित ने किया

**मूल दस्तावेज गुम जाहिर सूचना**

(मौजा अगरिया, तहसील व जिला नरसिंहपुर स्थित भूमि के संबंध में) मेरे पक्षकार क्रमांक (1) मेसर्स महाकौशल शुगर एण्ड पॉवर इण्डस्ट्रीज लिमिटेड एवं पक्षकार क्रमांक (2) श्री नवाव रजा आत्मज स्व. श्री अली रजा, ग्राम अगरिया तहसील व जिला नरसिंहपुर की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रमांक (1) के स्वत्व आधिपत्य की भूमि खसरा क्रमांक 159, 156, 149/1, 149/2, 151/2, 149/3, 151/3, 138/4, 138/5, रकवा 3.651 हैक्टेयर स्थित ग्राम अगरिया, पटवारी हल्का नं. 66, तहसील व जिला नरसिंहपुर का विक्रय पत्र जो कि श्री वीरेन्द्र मारावी तथा मेरे पक्षकार क्रमांक (1) के उप पंजीयक कार्यालय नरसिंहपुर में दिनांक 26/07/2021 को ई-पंजीयन क्रमांक एमपी 268132021, 1620264 के रूप में पंजीकृत हुआ है तथा मेरे पक्षकार क्रमांक (2) के स्वत्व आधिपत्य की भूमि खसरा क्रमांक 142/2, रकवा 1.189 हैक्टेयर एवं खसरा क्रमांक 142 / 3, रकवा 1.186 हैक्टेयर स्थित ग्राम अगरिया, पटवारी हल्का नं. 66, तहसील व जिला नरसिंहपुर का विक्रय पत्र जो कि श्री राजकुमार आत्मज श्री विश्वनाथ पाण्डे व अन्य तथा मेरे पक्षकार क्रमांक (2) के उप पंजीयक कार्यालय नरसिंहपुर में दिनांक 07/02/2015 को पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ नं 4059 दस्तावेज क्रमांक 1717 के रूप में पंजीकृत हुआ गुम हो जाने से मेरे पक्षकार के आधिपत्य में नही है। जिसके संबंध में मेरे पक्षकारगण ने पुलिस थाना मुंगवानी, जिला नरसिंहपुर में शिकायत दिनांक 03/01/2025 को कर दी है। यदि उक्त संपति के उपरोक्त विक्रय पत्र किसी व्यक्ति को मिले तो वे व्यक्ति उक्त मूल दस्तावेज मेरे पक्षकार को अथवा मुझे प्रदान करें। साथ ही उक्त मूल दस्तावेजों को किसी भी रूप में उपयोग अथवा दुरूपयोग ना करें, अन्यथा होने वाले परिणामों के लिये वे व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होंगे तथा उक्त कार्यों के लिये मेरे पक्षकारण की कोई जवाबदारी नहीं होगी ।

भवदीय

सतीश शर्मा, एडवोकेट

ई-3, सीनियर एम.आई.जी- 12,

अरेरा कॉलोनी,भोपाल

मोबा.नं. - 9827368309